	कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर (जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)	

हेरिटेज निगम ने गंदगी फैलाने पर वसूले 35200 रुपए कैरिंग चार्ज

नगर निगम हेरिटेज ने सड़क पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 35200 रूपए कैरिंग चार्ज वसूल किया। हेरिटेज निगम अभिषेक सुराणा के निर्देश पर और उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में स्वास्थ्य शाखा की सीएसआई और वॉच राइडर ने शुक्रवार को कार्रवाई की, जिसमें मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने 32000 रूपए और वॉच राइडर ने 3200 रूपए का चालान किया है। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम के स्वच्छता प्रहरी लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से गंदगी नहीं फैलाने पर समझाइश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को भी जयपुर को स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग देना चाहिए। सड़क पर कचरा नहीं फेंकना चाहिए। अपने घर और कार्यालय में सूखा कचरा और गीला कचरा अलग – अलग कचरा पात्र में डालें और कचरा सीधा हूपर में ही डालें। सभी पॉलिथीन का उपयोग करने से बचें और कपडे एवं जूट से बने हुए थैलों का प्रयोग करें।